तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 27 फरवरी 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब



14 इतवारी बाजार के व्यावसायियों का छलका दर्द




## खबर संक्षेप

### सुमंत सारथी जयंती आज

**धमतरी।** सूत सारथी समाज गणेश चौक धमतरी द्वारा 27 फरवरी गुरूवार को सुमंत सारथी जयंती मनाई जायेगी। समाजजनों द्वारा दोपहर 12 बजे घड़ी चौक धमतरी से शोभायात्रा सोनकर समाज भवन रामबाग धमतरी तक निकाली जायेगी। यहां सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता रामू रोहरा महापौर करेंगे। विशिष्ट अतिथि अनीता अग्रवाल पार्षद सदर दक्षिण वार्ड होंगी।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित उपसरपंच के चुनाव की प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**धमतरी।** पंचायत चुनाव निबटने के बाद अब जिला पंचायत और जनपद पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायतों में उपसरपंच के चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आज सभी पंचायतों में निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। 4 मार्च को जनपद पंचायतों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। जिला पंचायत में 5 मार्च को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। ग्राम पंचायतों में 3 मार्च को प्रथम सम्मिलन होगा, जिसमें उपसरपंच का चयन किया जाएगा।

### उमरगांव में आज से भागवत महापुराण

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में 27 फरवरी से 5 मार्च तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत



महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस महापुराण के कथावाचक पं. जय शर्मा कुरना कांकेर होंगे। कथा बाजार चौक के रंगमंच में सुबह 10 से 1 बजे और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

पूजा-पाठ, महाआरती, भोग, भंडारा, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ जलाभिषेक करने लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

महाशिवरात्रि पर बुधवार को पूरा अंचल शिवमय हो गया। शिव मंदिरों में ओम नमः शिवाय जैसे पंचाक्षरी मंत्र का जाप चला। शिव के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। शिवभक्त सुबह 4 बजे से ही शिवलिंग में जल चढ़ाने लाइन में लगे रहे। भक्तों ने कतारबद्ध बारी-बारी से शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान कई भक्त दिनभर निर्जला उपवास भी रखे। दिनभर घंटियों की गूंज सुनाई दी। शहर के सभी शिव मंदिरों में पूजा पाठ आरती का दौर चला। भगवान को 56 भोग अर्पित कर श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद भंडारे का कार्यक्रम हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया।



रूद्रेश्वर महादेव



बुढ़ेश्वर महादेव

शहर से 3 किमी दूर प्रसिद्ध प्राचीन रूद्रेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने अलसुबह 4 बजे महानदी में डुबकी लगाकर भगवान को जल अर्पण किया। इस दौरान दोपहर 12 बजे तक हजारों भक्तों की उपस्थिति रही। लोगों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग के दर्शन किए। शिवलिंग का जल, बेलपत्र, फूल, पान, नारियल, सुपारी, दूध आदि से अभिषेक किया। मंदिर परिसर में दिनभर भंडारा का आयोजन था, जिसमें भक्तों ने प्रसाद लिया। रूद्रेश्वर महादेव का दर्शन दूर-दूर से भक्त पहुंचे थे।

इतवारी बाजार स्थित श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में अलसुबह 5 बजे तक 24 घंटे का जलाभिषेक चला, जिसमें भक्तों ने भगवान को जल चढ़ाया। अभिषेक के बाद मंगल आरती, दर्शन, पूजन, भोग का कार्यक्रम हुआ। दोपहर में राज भोग, आरती के बाद दिव्य श्रृंगार, रात 8 बजे महाआरती, 11 बजे मंगल आरती के बाद मंदिर प्रांगण में भजन कार्यक्रम आयोजित था। गायक सौरव अत्री थे। उन्होंने भजन गाकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

प्राचीन मकेश्वर महादेव, मकई चौक में सुबह जलाभिषेक, दर्शन, पूजन के बाद दिव्य श्रृंगार हुआ। दोपहर को आम भंडारा, शाम को जलाभिषेक के बाद संध्याकालीन श्रृंगार हुआ। इसी तरह शहर के नागेश्वर महादेव मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर सहित वार्डों के सभी मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक, पूजा अर्चना, महाआरती, भजन, कीर्तन, भोग भंडारा आदि का कार्यक्रम हुआ।

सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शाम 5 बजे शहर में पालकी यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में सुबह 7 बजे रूद्राभिषेक, 8 बजे सम्पूर्ण दिव्य श्रृंगार, दर्शन, पूजन, आरती, शाम 5 बजे पालकी यात्रा निकाली गई जो मंदिर से प्रारंभ होकर शिव चौक, दुर्गा चौक, साईं मंदिर, मराठापारा, सदरबाजार होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर में समाप्त हुई। इसके बाद संध्याकालीन आरती और प्रसादी का वितरण हुआ।

# अरूण सार्वा ने लिया जीत का प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

जनपद पंचायत के बाद अब जिला पंचायत में भाजपा का कब्जा हो गया है। मंगलवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के अरूण कुमार सार्वा सहित अन्य दो प्रत्याशियों ने प्रमाण-पत्र लिया। तीनों प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज की है।

इस बार का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा के नाम रहा। जिले में कुल 13 जिला पंचायत क्षेत्र हैं, जिसमें से सिर्फ 2 जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस को जीत मिली है। बाकी के 11 जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा ने जीत का परचम लहराकर जिला पंचायत पर कब्जा किया है। अंतिम चरण में नगरी क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11, 12, 13 में चुनाव हुआ। तीनों क्षेत्र में भाजपा ने जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 11 में अजय फत्तेलाल ध्रुव जीतकर आए हैं। क्षेत्र क्रमांक 12 में अरूण कुमार सार्वा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 15 हजार 587 वोटों से हराया। उन्हें 24 हजार 934 वोट मिले हैं।

ज्ञात हो कि श्री सार्वा धमतरी जिले के उन्नत कृषक माने जाते हैं। उनकी खेती की तकनीक को अन्य कृषक अपनाकर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। साथ ही श्री सार्वा नगरी क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए लोगों के बीच मिसाल बन चुके हैं।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 में गरिमा धनुष नेताम ने जीत दर्ज की है। मंगलवार को तीनों जिला पंचायत सदस्यों को समर्थकों की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जीत का प्रमाण-पत्र दिया गया।

# मधुमक्खियों के हमले से चिकित्सक घायल, हॉस्पिटल में भर्ती

- महाशिवरात्रि पर डुमराही तालाब में स्थापित शिव मंदिर में पूजा करने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोर्रा(भखारा)

नगर पंचायत भखारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह 9.30 बजे कोलियारी रोड के डुमराही तालाब में स्थापित शिव मंदिर में पूजा करने जा रहे अरिहंत डेंटल क्लिनिक के संचालक डॉ अभिजीत जैन पिता ललित जैन पर सैकड़ों मधुमक्खियों ने हमला कर





दिया। उन्होंने अपनी जान बचाने दौड़ते हुए कई घरों का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर वह जान बचने लगभग 1 किमी दूर बाईपास रोड में सत्यम शिवम फर्टिलाइजर शॉप तक चला गया। रास्ते में अपने पिता ललित जैन को फोन लगाकर बचा लेने की गुहार लगाई।

ललित जैन ने बताया कि मैं अपनी पत्नी के साथ तुरंत तालाब की तरफ गया तो वहां स्कूटर अलग जगह पड़ी थी और चश्मा अलग फेकाया था, जिसे देख भयभीत होकर पुत्र को फ़ोन लगाया लेकिन वे बेहोश हो गए थे। फोन रिसीव नहीं कर पा रहे थे, फिर 45 मिनट तक गली गली में आवाज देते हुए ढूंढते रहे। वहां से गुजर रही एक महिला ने फ़ोन उठाया और बताया कि अभिजीत बेहोश हो गया है। मधुमक्खियों से बचने कंबल से ढंक दी हूं। फिर मैं मनीष जैन को गाड़ी में धमतरी के गुप्ता हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती कराया। इसके शरीर से सैकड़ों मधुमक्खियों के डंक निकाल चुके है। अब पहले से हालत में सुधार है। हरीश बैगा ने बताया कि अचानक मधुमक्खियों ने मंदिर आने वाले दर्जनभर लोगों पर आक्रमण कर दिया, जिससे अफरातफरी मच गई।

## महाशिवरात्रि पर्व की झलकियां...



बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर



रूद्रेश्वर महादेव मंदिर



रूद्रेश्वर महादेव मंदिर



भोलेनाथ की महाआरती



रूद्रेश्वर महादेव मंदिर में लगा भंडारा

# ट्रैक्टर के पीछे टकराई बाइक, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

ट्रिपल सवार तेज रफ्तार बाइक सामने जा रही ट्रैक्टर के पीछे टकरा गई। घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम अंवरी निवासी नागेश्वर निर्मलकर उम्र 23 वर्ष, राकेश साहू 21 वर्ष ग्राम भैंसबोड़ निवासी व घनश्याम ध्रुव मंगलवार की शाम बाइक में सवार होकर ग्राम भैंसबोड़ से ग्राम पलारी शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम हंचलपुर के पास तेज रफ्तार उनकी बाइक सामने जा रही ट्रैक्टर से टकरा गई। घटना में बाइक में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए भखारा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद राकेश साहू व नागेश्वर निर्मलकर को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक में सबसे पीछे बैठे घनश्याम को रिफर कर दिया। घायल को धमतरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज जारी है। सूचना पर भखारा पुलिस अस्पताल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर शवों को बुधवार को कुरूद अस्पताल के मर्रच्यूरी में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### हंचलपुर के पास हुआ हादसा





# चलते ट्रक में लगी आग, पहुंचा फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रहे ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना पर धमतरी फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात्रि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 1918 बस्तर की तरफ से आयरन ओर भरकर आ रहा था। इसी दौरान पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम जगतरा के पास टोलप्लाजा के पहले चलते ट्रक का अचानक पिछला टायर ब्लास्ट हो गया। चालक टायर फटने की स्थिति में ट्रक को नेशनल हाईवे में चलाते हुए बढ़ता रहा। पहिये के लोहे का डिस्क की सड़क पर रगड़ खाने से फटे हुए टायर व टयूब में आग लग गई। आग धीरे-धीरे फैलते हुए ट्रक को चपेट में लेने लगी। आग को फैलता देख चालक ने ट्रक को रोककर जान बचाने नीचे कूद गया। घटना की जानकारी होते ही पुरूर पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं धमतरी से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर फाइटर अरूण यादव, अनिल नेताम व उमेश कौशिक दमकल वाहन के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और ट्रक पर लगी आग को काबू करने का प्रयास शुरु कर दिया। कड़ी मेहनत के बाद फायर फाइटरों ने आग पर काबू पाया। समय रहते आग को बुझा लेने से ट्रक का मुख्य हिस्सा जलने से बच गया।

### जगतरा टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा



85 केंद्रों में होगी परीक्षा, नकल रोकने के लिए व्यापक तैयारी

# दो दिन बाद बोर्ड परीक्षा, अच्छे रिजल्ट की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्रों का रिजल्ट देखकर इस साल बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट की उम्मीद की जा रही है। प्री-बोर्ड परीक्षा में जिला का रिजल्ट 6 वें नम्बर पर है। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी इस परफार्मेंस को और बेहतर करने की कोशिश में हैं। दो दिन बाद बोर्ड परीक्षा शुरू हो जाएगी। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुटा हुआ है।

जिले में 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में छात्रों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। सभी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जा चुकी हैं। ये परीक्षा सामग्री निकटतम थाने में जमा है। परीक्षा के दिन ही सावधानीपूर्वक इन सामग्रियों को परीक्षा केंद्र तक लाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी। पहले दिन 12 वीं की परीक्षा हिन्दी पर्चे से शुरू होगी, जिसके लिए 7395 छात्र दर्ज है। दूसरे दिन 10वीं कक्षा की परीक्षा होगी। छात्रों की दर्ज संख्या 10443 है।





### 22 उड़नदस्ता दल का गठन

वैसे तो धमतरी जिले में नकल के प्रकरण बहुत कम आते हैं। इसके बाद भी सावधानी के तौर पर 22 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसमें से 2 टीम जिलास्तरीय है। यह टीम पूरे जिले के परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेगी। ब्लाक स्तर पर 4 टीम है। इसके अतिरिक्त 16 उड़नदस्ता और गठित है, जो स्थानीय स्तर पर आसपास के 4-5 स्कूलों में नकल प्रकरण रोकने का काम करेगी।

### प्री-बोर्ड का रिजल्ट संतोषप्रद

बोर्ड परीक्षा से पहले शिक्षा विभाग ने प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया था। इस परीक्षा में सरकारी स्कूल के छात्र शामिल हुए। 10वीं कक्षा में 168 स्कूल के 8513 छात्र में से 8370 छात्रों ने परीक्षा दिलाई थी जिसमें से 6812 छात्र पास हुए। 1550 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। परीक्षा का रिजल्ट 81.39 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 111 स्कूल के 6039 छात्र दर्ज थे। इनमें से 5990 छात्र ने परीक्षा दिलाई। 4729 छात्र पास हुए। 1230 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। परीक्षा का रिजल्ट 78.95 प्रतिशत रहा। पूरे प्रदेश में धमतरी जिला रिजल्ट के मामले में 6 वें नम्बर पर है।

### दो दिन से रेत की सप्लाई बाधित

**धमतरी।** जिले में दो दिन से रेत की सप्लाई बाधित है। शिवरात्रि उत्सव के चलते महानदी में पानी छोड़ा गया है। वहीं नदी के तटीय इलाकों के शिव मंदिरों में मेला भी आयोजित था, जिसके चलते खदानों से उत्खनन बंद था। आज नदी में पानी कम होने पर उत्खनन फिर से शुरू होगा। यदि पानी का स्तर कम नहीं होता है तो उत्खनन आज भी बंद रह सकता है। जिले में मकान सहित अन्य प्रकार के निर्माण कार्य जोर- शोर से चल रहे हैं। इसके लिए महानदी से हर रोज बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों से रेत का उत्खनन किया जाता है। शिवरात्रि उत्सव के चलते मंगलवार को सुबह ही नदी में पुण्य स्नान के लिए पानी छोड़ दिया गया था। महानदी में पानी आने से रेत उत्खनन बंद हो गया। बुधवार को भी नदी में पानी था। यही नहीं शिवरात्रि के चलते नदी के तटीय इलाकों के शिव मंदिरों में मेला भी लगा हुआ था, जिसके चलते उत्खनन बंद रहा। उल्लेखनीय है कि अछोटा और अमेठी दोनों की खदान अवैध है, इसके बाद भी शहर में 90 प्रतिशत रेत की सप्लाई इन्हीं खदानों से हो रही है। आज अछोटा मड़ई के चलते यहां की खदान बंद रहेगी। नदी में पानी का लेवल कम हुआ तो अमेठी खदान से आज ताबड़तोड़ रेत का उत्खनन होगा।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

## पंचायत, जनपद, जिला पंचायत का सम्मेलन 3, 7 एवं 10 मार्च को

- 4 मार्च को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व 5 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की होगी नियुक्ति

**मगरलोड।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव 23 फरवरी को हुआ। पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो जाने की वजह से चुनाव आयोग द्वारा तीनों संस्थानों में प्रशासक बिठाने की तैयारी के साथ अधिसूचना जारी की गई है। 27 फरवरी गुरूवार को सभी स्थलों में नए सदस्यों को सूचना दी जायेगी। ग्राम पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच, पंचगणों का प्रथम सम्मेलन 3 मार्च को होगा। इसी दिन उपसरपंच पद पर नियुक्ति करने की सूचना दी जाएगी। 8 मार्च को उपसरपंच की नियुक्ति की जाएगी। जनपद पंचायत के समस्त सदस्यों को 27 फरवरी को सूचना दी जाएगी। 4 मार्च को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति होगी। इसके बाद 7 मार्च को जनपद का प्रथम सम्मेलन होगा। इसी प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति 5 मार्च को होगी तथा जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन 10 मार्च को होगा। छग पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 19 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन विहित अधिकारी, उपखंड अधिकारी द्वारा किए जाने का प्रावधान है। नवनिर्वाचित सरपंच, पंच प्रथम सम्मेलन में पदभार ग्रहण करेंगे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों का किया गया सम्मान

# दलगत राजनीति से उपर उठकर नगर के विकास के लिए कार्य करना होगा : अंबिका

**नगर व्यवस्था समिति ने हमर संगवारी सम्मान समारोह का किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर व्यवस्था समिति नगरी द्वारा हमर संगवारी सम्मान समारोह का आयोजन 25 फरवरी को रात्रि 8 बजे राजाबाड़ा नगरी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय ऑर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति से हुई, जिससे माहौल उल्लासमय हो गया। इस अवसर पर नगर पंचायत नगरी के नवनियुक्त अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं समस्त पार्षदगणों का अभिनंदन किया गया। नगर के विशेष नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के विकास के लिए कार्य करना होगा, ताकि यह नगर प्रगति का नया आयाम स्थापित कर सके। विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, श्रीमती आराधना शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नगरवासियों के हित में कार्य करेंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि नगर में एकता का भाव अत्यंत उत्कृष्ट है और नगर व्यवस्था समिति की इसमें अहम भूमिका है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम सदैव नगर के सभी कार्यों में एकजुट रहकर नगरवासियों के हित में कार्य करेंगे।




### सेवाभावी व्यक्तियों का सम्मान

समारोह में नगर में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने नगर के विकास के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया और नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों को शुभकामनाएं दीं।

### नगर व्यवस्था समिति का महत्वपूर्ण योगदान

इस आयोजन में नगर व्यवस्था समिति नगरी के अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष बृजलाल सार्वा, होरीलाल पटेल, ललित निर्मलकर, सचिव प्रदीप बंटी जैन, कोषाध्यक्ष ज्वालाप्रसाद साहू, सहसचिव सुरेश साहू, दीनदयाल सरपा, सदस्यगण नरेंद्र नाग, हरिश साहू, भरत साहू, उत्तम गौर, प्रफुल्ल अमतिया, शैलेन्द्र लाहौरिया, सेमंत पटेल, कार्तिक पटेल समेत पदाधिकारियों व नगरवासियों का योगदान रहा।

### एकजुटता और समर्पण का प्रतीक बना समारोह

यह आयोजन नगरवासियों की एकता, समर्पण और विकास की भावना को और अधिक सशक्त बनाने वाला सिद्ध हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने आभार व्यक्त करते हुए नगर के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं नगरवासियों का सम्मान किया गया तथा नगर के चहुंमुखी विकास के लिए सामूहिक सहयोग की अपील की गई।

## कर्णेश्वर धाम में कोसरिया समाज महाअधिवेशन 1 को



- तैयारी को लेकर सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सप्तऋषियों की पावनधरा महानदी उद्गम स्थल कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा सिहावा में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज का राज्य स्तरीय वार्षिक महाअधिवेशन 1 मार्च को होगा। इसकी तैयारी को लेकर कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ की बैठक मंगलवार को हुई। कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, सिहावा राज मिडिया प्रभारी राजू पटेल, अध्यक्ष सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ सियाशरण पटेल, सचिव युवराज पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सांकरा खिलावन पटेल, अध्यक्ष सिहावा युवा प्रकोष्ठ प्रभाकर पटेल, तीरथ पटेल, गजेन्द्र पटेल, बलीराम पटेल, डिगेश पटेल, बनवालीराम पटेल सहित 36 गांव युवा प्रकोष्ठ के क्षेत्र प्रमुख ने समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की पूजा -अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 1 मार्च को कर्णेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिक महाअधिवेशन को लेकर सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज अध्यक्ष सियाशरण पटेल ने सभी क्षेत्र के अध्यक्षों को उचित मार्गदर्शन व दिशा-निर्देश जारी कर कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। वार्षिक महाअधिवेशन को लेकर जो कार्य युवा प्रकोष्ठ को सौंपा गया है उसमें वह खरा उतरे और समाज में एक नई पहचान बनाएं। बैठक में समाज प्रमुखों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुटता का परिचय दिया। बैठक का संचालन सचिव युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज युवराज पटेल ने किया।

## शिव मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। गांव-गांव, चौक-चौराहों में भगवान भोलेनाथ का मंदिर बनाकर शिवलिंग की स्थापना की गई है। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड समेत परसवानी, भरदा, बेलरदोना, सोनपैरी, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहदा, भोथा, लड़ेर, बोरसी के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को एक लोटा जल, बेलपत्र, दूध, नारियल चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। ग्राम राजपुर के तिरंगा चौक में स्थापित शिवलिंग में पं. मुकेशप्रसाद दुबे ने विधि- विधान, मंत्रोच्चारण से भगवान भोलेनाथ की पूजा कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर कल्याण कंवर, चोवा कंवर, कुलेश्वर सिन्हा टेलर, पवन निषाद, दोनेश्वर सिन्हा, हरीश सिन्हा, यादराम साहू, लेखराम सिन्हा, उमेश सिन्हा, ढालसिंग कंवर, रिंकू उपस्थित थे।

## कोर्रा में महाशिवरात्रि पर निकली शिव-पार्वती की बारात

- वेदी पूजन, यज्ञ अनुष्ठान के बाद हुआ रुद्राभिषेक, भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)





महाशिवरात्रि पर भारत वर्ष के मंदिरों में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई। भक्तों ने फूल-बेलपत्र आदि से पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। भगवान शिव का दूध, दही, घी, शक्कर और गंगा जल से रुद्राभिषेक किया गया और फिर चंदन, कुमकुम, भष्म और फूल आदि से उनका अलौकिक श्रृंगार किया गया। ग्राम कोर्रा में महाशिवरात्रि के अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अनुष्ठान एवं भोग भंडारे के साथ शिव बारात का आयोजन किया गया। गांव स्थित आराध्यदेवी शीतला मंदिर से बाजार चौक तालाब स्थित नर्मदेश्वर महादेव तक दोपहर 2 बजे धार्मिक जुलूस निकाला गया।

सुबह 10 बजे वेदी पूजन यज्ञ अनुष्ठान के बाद पं सो प्रकाश दुबे द्वारा रुद्राभिषेक किया गया जिसमें मुख्य जजमान चोवाराम साहू एवं उनकी पत्नी कंचन साहू थी। दोपहर 2 बजे शिव पार्वती का भव्य बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम कोर्रा के स्थानीय निवासी चोवाराम साहू के नेतृत्व में बारात निकली। ग्रामीणों ने भगवान शिव के जयकारों के साथ गांव की परिक्रमा की। उसके बाद कैलाश मानसरोवर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि पर निकाली गई बारात में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह आयोजन स्थानीय धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। इस आयोजन में नवनिर्वाचित सरपंच यमुना कमड़े, मधुकर कमड़े नवनिर्वाचित पंचकुमारी यादव, माधुरी देवांगन, नीतू साहू, खोमिन साहू, कौशल साहू, केशव साहू, अरुण साहू, आशा कुंजाम, डामिता साहू, युवराज साहू, मोहन सेन समेत रामराज युवा कल्याण कल्याण समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिरसिदा में नरसिंह बने सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- कार्यकर्ताओं के सहयोग से मिली शानदार जीत

हाल ही में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखण्ड नगरी के ग्राम सिरसिदा से नरसिंह मरकाम ने सरपंच पद पर जीत हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत में शांतनु ध्रुव, मोहन ठाकुर, भगवाराम, उमेश ध्रुव, खिलावन, किशन पटेल, चंद्रभान साहू, मुकेश, राजू, नेम सिंह, तेजनाथ, भूषण साहू, चंद्रभान साहू सहित कई कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके अथक परिश्रम और जनसमर्थन की बदौलत नरसिंह मरकाम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए सरपंच पद पर कब्जा जमाया। ग्रामवासियों ने भी इस जीत का गर्मजोशी से स्वागत किया और उम्मीद जताई कि नए सरपंच के नेतृत्व में गांव का समग्र विकास होगा।

## अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में रोज हो रही महाआरती



**नगरी।** सांकरा में मानस भवन के समीप स्थापित अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में रोज सुबह शाम भगवान श्रीराम जानकी की महाआरती हो रही है। महाआरती में आचार्य पं. उदेभानु दीवान, अध्यक्ष सुरेश साहू मानस सम्मेलन समिति सांकरा, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा, कोषाध्यक्ष तीरथराम साहू, पूजा समिति से लोकनाथ साहू, बंशीलाल ध्रुव, पूरनलाल साहू, मनराखन साहू, गौतम साहू, उदेराम साहू, उमेन्द्रदास मानिकपुरी, जगतराम साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, दुर्गाबाई साहू शामिल हो रहे हैं।

## जनपद सदस्य मौसमी की विजय रैली निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भुरसीडोंगरी क्षेत्र क्रमांक 14 से जनपद सदस्य निर्वाचित हुईं श्रीमती मौसमी विमल मंडावी की ऐतिहासिक जीत का जश्न विजय रैली के रूप में मनाया गया। ज्ञात हो कि ग्राम घुरावड़ निवासी श्रीमती मौसमी विमल मंडावी ने शिक्षा के क्षेत्र से राजनीति की ओर कदम बढ़ाया, लेकिन उनका सेवाभाव पहले से ही समाज में सक्रिय था। उन्होंने पैसों के प्रभाव से नहीं, बल्कि जनसेवा, समर्पण, प्रेम और जनता के विश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया और आभार व्यक्त किया। जनता का कहना है कि मौसमी मंडावी के नेतृत्व में क्षेत्र का समग्र विकास होगा और उनकी सेवा भावना से गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। विजय रैली में महेश नेताम सरपंच घुरावड़, रतनलाल कोर्राम, गौचंद मरकाम, सोहनलाल कोर्राम, हरीराम मरकाम, नवलसिंह, सुरेश नेताम, विमल मंडावी, सोहन कश्यप, ओमप्रकाश मंडावी, कृष्णा मंडावी, शिवलाल मंडावी, सुरेश मरकाम, वेदकुमार गंजीर, दशरु नेताम, मनीष भास्कर, राखी साहू, गोपेन्द्र राठौर, सुजाता मरकाम, सुशीला मरकाम, भगवती सोरी, उषा भास्कर, निर्मला मरकाम, रुक्मणी मरकाम सरपंच बरबांधा, ललिता मरकाम, सत्यवती नेताम, अशीला मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुहकुहा में रूपेश दूसरी बार बने सरपंच

- समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ निकाला विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायत कुहकुहा में सरपंच पद के कांग्रेस प्रत्याशी रूपेश कुमार निर्मलकर ने 89 मतों से लीड करते हुए अपनी जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र साहू को 473 मत, कांग्रेस प्रत्याशी रूपेश कुमार निर्मलकर को 562, निर्दलीय प्रत्याशी कुलदीप साहू को 240 मत, एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी दीपक चंद्राकर को 120 मत मिले। ग्राम पंचायत कुहकुहा में कुल 17 वार्ड है। इसमें 7 वार्ड आश्रित ग्राम भरदा में आते हैं। नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचायत चुनाव निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

विदित हो कि रूपेश निर्मलकर इससे पूर्व भी सरपंच पद पर आसीन थे। उन्होंने बताया कि कुहकुहा पंचायत बनने के बाद से कोई भी व्यक्ति लगातार 2 बार सरपंच नहीं बना है, लेकिन ग्राम पंचायत कुहकुहा की जनता ने विकासपरक सोच को लेकर लगातार दूसरी बार रूपेश कुमार को 89 मतों से लीड कराकर ऐतिहासिक जीत दिलाई है। उन्होंने 25 फरवरी को अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विजय जुलूस निकाला और गांव का निरंतर विकास करने की बात कही।

मौके पर तारेंद्र साहू, लच्छू निर्मलकर पूर्व सरपंच, हीरालाल साहू, सुरेश साहू, बलराम साहू, बालमुकुंद नेताम, प्रवीण साहू, डीगेश निर्मलकर, प्रकाश विश्वकर्मा, धनीराम साहू, हरिश्चंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र साहू, तेजराम साहू, खेलन ठाकुर, लखन साहू, नरेंद्र साहू, परमू यादव, संजीव नेताम, राजेश साहू सहित अन्य ग्रामीण व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बस्तरिहा, पंजाबी गीत, राजस्थानी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र





- महाश्वेता शिशु मंदिर में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला द्वारा नया बाजार चौक में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा केजी-1 से लेकर 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी व आकर्षक वेशभूषा पहन कर छत्तीसगढ़ी तथा पारंपरिक गीतों पर नृत्य व प्रहसन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य बनिता प्रमोद सिन्हा, विशेष अतिथि सरपंच चेतन देवांगन थे। अध्यक्षता नोडल प्राचार्य श्रवण साहू ने की। अन्य अतिथि संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू, संरक्षक कृष्णदयाल साहू, संरक्षक सोनऊराम देवांगन, बलराम साहू, गोपीकृष्ण साहू, हरिचरण साहू, खिलावन सेन, बिसेषर निषाद, कन्हैया साहू, द्वारिका प्रधान, सुदामाराम साहू, दयालुराम साहू, साधूराम ध्रुव, सोहन साहू सहित विद्यार्थियों के पालक व नवनिर्वाचित पंचगण थे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बनिता सिन्हा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के साथ अन्य प्रतिभाओं को उभारने की जरूरत है। बच्चों के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ ही आध्यात्मिक विकास पर भी जोर देने की बात कही। प्रधानपाठक हितेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के अन्दर छिपी हुई कला बाहर आती है। वार्षिक उत्सव में छोटे-छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति देखकर पालक भी उत्साहित हुए। स्कूली बच्चों ने पारिवारिक परिस्थितियों, बाइक व मोबाइल के दुरुपयोग, अशिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रमुख समस्याओं व मुद्दों पर भी प्रहसन किया। इनके साथ ही बारहमासी गीत, डांडिया गीत, बस्तरिहा गीत, रक्त चरित्र, पंजाबी गीत, राजस्थानी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस आयोजन में प्रपा हितेंद्र साहू, शिक्षक झानेन्द्र, राजेश दुबे, तेजनाथ निर्मलकर, शिक्षिका डिलेश्वरी विश्वकर्मा, तृप्ति सिन्हा, वेणुप्रभा साहू, चेतना मानिकपुरी, नीलम निर्मलकर, खिलेश्वरी मानिकपुरी, बसचालक संजय कंवर, कंडक्टर गगनदीप साहू का सहयोग रहा।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम SANJAY ARTS सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लेक्स बेनर, फ्लेक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपेक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी. मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

महानदी संगम में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

# महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब





## सांकरा मानस परिवार ने किया शिव महिमा का गुणगान

महाशिवरात्रि पर सांकरा मानस परिवार द्वारा दिनभर शिव महिमा का गुणगान किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा खीर का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बोल बम और हर-हर महादेव के गगनभेदी नारों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। सुबह से ही महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं मंदिर के सामने नारियल, धतूरा के फूल, अगरबत्ती, बेलपत्र आदि की दुकानों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

महाशिवरात्रि पर महानदी और बालका नदी के पवित्र संगम में श्रद्धालुओं ने स्नान कर शिव आराधना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का प्रकट हुआ था और यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

इस आयोजन में संरक्षक कलमसिंह पवार, ललित शर्मा, छबि ठाकुर, रामभरोसे साहू, योगेश साहू, मोहन पुजारी, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, हनी कश्यप, उत्तम साहू, गगन नाहटा, रवि भट्ट, कमल डागा, बबलू गुप्ता, नरसिंह मरकाम, दुर्गेश साहू, अनिरुद्ध साहू, डोमार मिश्रा, संतु साहू, टेश्वर ध्रुव, ईश्वर जांगड़े, प्रमेश निषाद, विनोद पुरी गोस्वामी, मनोहर मानिकपुरी, कुलेश साहू सहित भुरसीडोंगरी क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

### शिवलिंग का हुआ विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और महाआरती

कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन और रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। पूजन में बेलपत्र, धतूरा, शमी, गंगाजल, दूध, दही, चंदन, कनेर के फूल सहित भगवान शिव के प्रिय पुष्प अर्पित किए गए। रात्रि में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### निःसंतान दंपतियों की होती है मनोकामना पूर्ण

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि ग्यारहवीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित यह ऐतिहासिक मंदिर विभिन्न देवी-देवताओं का समूह है, जहां राम-जानकी, गणेश भगवान सहित अन्य मंदिर स्थित हैं। मंदिर के गर्भगृह में विराजित शिवलिंग की महिमा अपरंपार है और विशेष रूप से निःसंतान दंपति महाशिवरात्रि के दिन जलाभिषेक कर संतान सुख की याचना करते हैं।

### सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का केंद्र है कर्णेश्वर धाम

मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर ने बताया कि कर्णेश्वर धाम में प्रतिदिन पूजा-अर्चना व आरती पुजारियों द्वारा की जाती है। यहां वर्षभर धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। माघ पूर्णिमा पर पांच दिवसीय मेला महोत्सव आयोजित किया जाता है, जिसमें उड़ीसा और बस्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों के देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकलती है।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद

महाशिवरात्रि पर्व पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू सहित क्षेत्र के कई नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने कर्णेश्वर महादेव के दर्शन कर क्षेत्र के विकास, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का विशेष सम्मान किया गया।


### श्रद्धा, भक्ति और सेवा का संगम बना महाशिवरात्रि महोत्सव


इस भव्य आयोजन ने कर्णेश्वर धाम को आस्था, भक्ति और सेवा का केंद्र बना दिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान शिव के आशीर्वाद से आने वाले समय में कर्णेश्वर धाम और अधिक समृद्ध और भव्य रूप लेगा।

# सांकरा में श्री रामेश्वरम शिव मंदिर का उद्घाटन

■ विशाल भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





महाशिवरात्रि पर ग्राम सांकरा रामनगर में स्थित श्री रामेश्वरम शिव मंदिर का भव्य उद्घाटन हुआ। मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंदिर में भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मंदिर के उद्घाटन में सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। विशाल भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में संरक्षक राजेशनाथ गोसाई, अध्यक्ष डिगेश पटेल, उपाध्यक्ष रोशन भंडारी, सचिव चन्द्रहास बिसेन, पवन श्रीमाली सहसचिव सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

श्री रामेश्वरम शिव मंदिर के उद्घाटन के दौरान भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले के जयकारों के साथ भगवान शिव की आराधना की।

भंडारे की सेवा में तुकाराम, गुलाब साहू, जगतलाल साहू, जयलाल साहू, उमेन्द्र, ऋषी, पुन्ना लाल, देवानंद साहू, कौशल, कृष्णा, शिवओम पार्षद, पोखराज, रोहित, तन्नू गोसाई, मनीष भंडारी, सौरभ श्रीमाली, भूपेंद्र यादव, निलिश श्रीमाली, शत्रुघ्न साहू, दिनेश्वर साहू, कीर्तन, भूषण साहू, राकेश यादव, मोहन ध्रुव, सूरज बिसेन, भूपेंद्र साहू, भानेन्द्र साहू, यशवंत निषाद, लखन यादव, नूतन, सुरेंद्र साहू, ईश्वर साहू, भोलेश्वर साहू, महेंद्र अग्रवानी जुटे रहे।

### भविष्य में और बड़े धार्मिक आयोजन की तैयारी

श्री रामेश्वरम शिव मंदिर के उद्घाटन के साथ ही ग्रामीणों में धार्मिक उत्साह और भी बढ़ गया है। ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में मंदिर में साप्ताहिक भजन-कीर्तन, वार्षिक भंडारा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

### महिला शक्ति की रही विशेष भागीदारी

महाशिवरात्रि के इस आयोजन में महिला शक्ति की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। महेश्वरी चनाप, दीपा अग्रवानी, निर्मला अग्रवानी, राधा, राजकुमारी, पिंकी, कुमुदनी, कौशिल्या, जानकी यादव ने न केवल भंडारे में सेवा दी बल्कि धार्मिक कार्यक्रमों में भी अपनी भागीदारी निभाई।

### हर-हर महादेव का जयघोष गूंजा

ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर निर्माण समिति, भंडारा सेवा दल, सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया। ग्रामीणों ने भगवान शिव के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यह ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ।

# परीक्षा की समाप्ति तक मोबाइल से दूरी बनाएं विद्यार्थी : सविता





■ हाईस्कूल जोरातराई में 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सी) में 10वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि निवर्तमान सरपंच सविता गंजीर, अति विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू थी। अध्यक्षता प्राचार्य दयालु राम साहू ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती गंजीर ने कहा कि बीते 5 साल से स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। इस बार भी विद्यार्थी कड़ी मेहनत के साथ अच्छा पेपर बनाकर अच्छा अंक प्राप्त करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा होते तक सोशल मीडिया के साथ मोबाइल से दूरी बना पढ़ाई करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने की बात कही। इस अवसर पर भानुराम शिक्षाविद ओमप्रकाश साहू व्याख्याता, ओमप्रकाश मिथिलेश, राजेश मिश्रा, थानूराम साहू, दीपिका यादव, दुर्गेश्वरी सोनबेर एवं 10वी के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वालों को मिलेगा 10 हजार

प्राचार्य दयालुराम साहू ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए 10वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वालों को 10000 रु, जिले की प्रावीण्य सूची में आने पर 5000 रुपये, 90 प्रतिशत से अधिक लाने पर प्रत्येक को 1000 रुपये, 75 में 70 अंक या ऊपर लाने पर प्रत्येक विषय पर 500 रुपये, 65 अंक लाने पर 300 रुपये, 60 अंक लाने पर 200 रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

## निधन

### मेहत्तर रात्रे



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी मेहत्तर रात्रे 77 वर्ष का निधन 24 फरवरी सोमवार को हो गया। वे मंगलीबाई रात्रे के पति, सुकारोबाई, सीताराम रात्रे एवं सियाराम रात्रे के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया। इस दौरान भवानी, रामजी, रतन, लालजी, खोमन, किशन, भीमा, कोमेंद्र, कुबेर, मोहित सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मगरलोड कालेज में बी सर्टिफिकेट के लिए हुई परीक्षा

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के द्वारा बी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेंद्र बंजारे महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय भखारा थे। उनके द्वारा वाइवा में रासेयो लेने का उद्देश्य, लक्ष्य, सिद्धांत वाक्य, इतिहास, रासेयो लेने से होने वाला परिवर्तन, नियमित गतिविधियों द्वारा समाज के लिए किया जाने वाले कार्य व सप्त दिवसीय शिविर का अनुभव आदि के बारे में प्रश्न पूछा गया तथा सी सर्टिफिकेट परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# नोमेश्वरी बनबगौद की सरपंच निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत कुकरेल से नोमेश्वरी विजयी हुई। नोमेश्वरी ने ग्राम बनबगौद में 54 वोट से विजय प्राप्त की। चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका मोहन साहू, शेषनारायण, दिलीप निर्मलकर, बेदलाल साहू, चन्द्रहास साहू, दुखूराम साहू, खेमलाल, गंगाराम, दुलारू, हरेन्द्र राजपूत, कोमल की रही। कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई।

# भाजपा प्रत्याशी जयमित्र बने गोजी के सरपंच



■ 33 वोट से लीड दिलाकर जनता ने बनाया सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी में पंचायत चुनाव के दौरान 4 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। जिसमें भाजपा ने जयमित्र साहू को एवं कांग्रेस ने टिकेश्वर साहू को मैदान में उतारा था। निर्दलीय प्रत्याशी तेजराम साहू और ओमप्रकाश साहू भी चुनावी मैदान में डटे रहे। जयमित्र साहू को 483 मत, टिकेश्वर साहू को 450 मत मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी तेजराम साहू को 25 मत और ओमप्रकाश साहू को 19 मत मिले। ग्राम गोजी की जनता ने इस बार भाजपा समर्थित प्रत्याशी जयमित्र साहू को 33 वोटों से लीड कराते हुए गांव का विकास करने सरपंच चुना। गोजी में लगभग 93 प्रतिशत मतदान हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचायत चुनाव निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। गांव में कुल मतदाता 1050 रहे और वार्ड की संख्या 10 है। वार्ड 1 में लच्छन साहू, वार्ड 2 में हुमेश साहू, वार्ड 3 में टेमिन साहू, वार्ड 4 में दीपा साहू, वार्ड 5 में परस साहू, वार्ड 6 में गौरी पाल, वार्ड 7 में गायत्री साहू, वार्ड 8 में वंदना साहू, वार्ड 10 में भेपेंद्र साहू ने पंच पद हासिल किया। वार्ड 9 में वार्डवासियों ने अनुसुइया साहू को निर्विरोध पंच चुना।

चुनाव परिणाम आने पर नवनिर्वाचित सरपंच, पंच ने आभार रैली निकाली। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि जनता ने विकास को लेकर उन पर भरोसा जताया है। वह गांव का विकास करने निरंतर प्रयासरत रहेंगे। मौके पर ठाकुरराम साहू, पोखराज साहू, भूषण साहू, युवराज साहू, मिट्ठूराम साहू, दीपक साहू, राजेंद्र साहू, सुखी साहू, दौलत, पवन, उमेश पाल, अमृत साहू, लता साहू, धनराज, साहू, जागेश्वरी साहू, संजय साहू, मानिकराम, प्रवीण, विवेक, एसकुमार, कृष्कुमार, भुवनलाल सहित अन्य ग्रामीण एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भक्तों ने भोलेनाथ से की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के शिव मंदिरों में आस्था का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ीं। पूरा नगर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने भक्ति-भाव से जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की।

शिव भक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। नगर के देवांगन परिवार द्वारा बजरंग चौक नगरी में प्रसादी का वितरण किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक आयोजन में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, अतीश देवांगन, गुलाब देवांगन, संत कोठारी, राजा पवार, रवेंद्र साहू, डीगेश साहू, सौरभ नाग, तरुण साहू, नरेंद्र साहू, रूपेश साहू, कुलदीप देवांगन ने योगदान दिया। महाशिवरात्रि के इस भव्य आयोजन ने नगर में भक्ति और सामाजिक समरसता का अनूठा संदेश दिया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

# संतकुमार को खम्हरिया पंचायत की कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

ग्राम पंचायत खम्हरिया में इस बार युवा संतकुमार मरकाम ने पूर्ण बहुमत के साथ सरपंच के पद पर जीत दर्ज की। डीजे की धुन के साथ विजय प्रत्याशियों ने जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार प्रदर्शन किया। संतकुमार मरकाम ने कहा कि आगामी 5 वर्ष में गांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सभी वर्ग को साथ लेकर कार्य करेंगे।

# भाजयुमो महामंत्री हिमांशु बने जनपद सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत मरौद क्षेत्र क्रमांक 17 में ग्राम भाठागांव निवासी हिमांशु साहू को जनता ने 449 मतों से जिताकर जनपद सदस्य बनाया है। जनपद क्षेत्र क्रमांक 17 में मरौद, राखी, भाठागांव तीन गांव शामिल हैं। विदित हो कि हिमांशु साहू वर्तमान में भाजयुमो कुरूद मंडल के महामंत्री हैं। जनपद सदस्य पद हेतु चुनावी मैदान पर खड़े खेलनसिंह साहू को 526 मत, प्रवीण देवनाथ साहू 407 मत, रविशंकर भार्गव 1818 मत और हिमांशु साहू को 2267 मत मिले। हिमांशु साहू अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ते हुए शानदार 449 मतों से विजयी हुए। विदित हो कि पिछले 3 पंचवर्षीय अर्थात 15 वर्षों तक मरौद जनपद में कांग्रेस और निर्दलीय का कब्जा था, लेकिन इस बार भाजपा ने भाठागांव निवासी हिमांशु को टिकट देकर दांव खेला, जिसमें पहली बार में ही उन्होंने जनपद क्र. 17 से जीत हासिल कर बीजेपी का परचम लहराया है। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए गांवों में विकास करने की बात कही।

आभार
ग्राम पंचायत लोहरसी (पाण्डुका) राजिम जिला गरियाबंद के सभी देव तुल्य ग्रामवासियों के प्रेम स्नेह आशीर्वाद से ग्राम सरपंच पद पर निर्वाचित आपका अपना
श्री लोमश राम साहू
इस आशीर्वाद के लिए लोहरसी ग्राम के समस्तजनों का सदैव आभारी व ऋणी रहेगें।
विनीत : टी.आर. साहू
अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.) एवं हाईकोर्ट बिलासपुर (छ.ग.)
79873-00081
97531-78230
टी.आर. साहू

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महाकालेश्वर की निकली पालकी यात्रा

**धमतरी।** सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शाम 5 बजे शहर में पालकी यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे रूद्राभिषेक, 8 बजे सम्पूर्ण दिव्य श्रृंगार, दर्शन, पूजन, आरती, शाम 5 बजे पालकी यात्रा निकाली गई जो मंदिर से प्रारंभ होकर शिव चौक, दुर्गा चौक, साईं मंदिर, मराठापारा, सदरबाजार होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर में समाप्त हुई।

### सांकरा में महाशिवरात्रि पर हुआ भंडारा



**धमतरी।** ग्राम सांकरा में मत्स्य पालन विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर भंडारा का आयोजन किया। ग्रामीण गोविन्द चक्रधारी साकरा ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से नर्मदेश्वर महदेव परिसर में महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती के विवाह के अवसर पर भंडारा, हवन पूजन व गीत संगीत का कार्यक्रम मत्स्य पालन विभाग सांकरा द्वारा किया जा रहा है।

### बच्चे बने भोलेनाथ और पार्वती



**धमतरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कृदत्त कालोनी में आयोजित पूजा कार्यक्रम में भोलेनाथ और पार्वती का रूप धरे बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। भोलेनाथ के रूप में अयांश सिंह, पार्वती के रूप में सिम्मी साहू और भक्त के रूप में अनय ने अपनी वेशभूषा से सभी का ध्यान खींचा।

### बाइक से गिरने से महिला की मौत

**महासमुंद।** इलाज कराने जा रही एक महिला की एक्सीडेंट में मौत हो गई। रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को घनश्याम साहू निवासी दुरूगपाली अपनी मां सुंदरमोती साहू को इलाज कराने मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीयू 3444 में बिठाकर दुरूगपाली से नौगड़ी ले जा रहा था। करीबन 11.30 बजे पोल्ट्री फार्म के आगे ग्राम नौगड़ी के पास मोड़ में तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से मोटर सायकल रोड किनारे फिसलकर खेत में गिर गई।

## शौचालय में पसरी गंदगी, बाजार में आवारा मवेशियों व कुत्तों के जमावड़े से परेशान

# इतवारी बाजार के व्यावसायियों का छलका दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर के इतवारी बाजार में सब्जी, फल, कपड़े, कुम्हार की मिट्टी के बर्तन व अन्य व्यवसाय की दुकानें लगती हैं। एक ओर जहां धमतरी निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर शिव मंदिर के पीछे इतवारी बाजार के बीचोबीच लंबे समय से कचरा डंप किया जा रहा है। इतवारी बाजार में व्यवसाय करने वाले कुंती पटेल, पूर्णिमा पटेल, संतोष साहू ,राम्हीन पटेल, दुर्गा सोनकर, गिरिजा पटेल का कहना है कि शौचालय में पानी की सुविधा नहीं है। गंदगी पसरी हुई है। सफाई के एवज में शौचालय सफाई कर्मचारी द्वारा प्रति सप्ताह हर व्यवसायी से 10 रुपए की वसूली की जाती है। बाजार में सैकड़ों आवारा मवेशी व कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है जो राह चलने वालों को नुकसान पहुंचाते हैं। सब्जी बाजार में मवेशी न घुसे इसके लिए लोहे का सुरक्षा घेरा बनाया गया था वह भी टूटा हुआ है। जिसके कारण पूरे बाजार में मवेशी, बकरी व कुत्ते घूमते रहते हैं और व्यवसायियों के समान को नुकसान पहुंचाते हैं।

इतवारी बाजार के बीचो-बीच कचरे के ढेर से निकलने वाली असहनीय बदबू के कारण महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोग नाक, मुंह बंदकर गुजरते हैं। ग्राहक खड़ा होकर सामान नहीं खरीद नहीं पाते जिसके कारण व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इसकी शिकायत पूर्व महापौर विजय देवांगन से भी की गई थी किंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा से आस लगाए बैठे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इतवारी बाजार में कचरा डंप किया जा रहा है, उसे बंद किया जाए। आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भिजवाया जाए। शौचालय में पानी की व्यवस्था व साफ सफाई नियमित कराई जाए। अवैध वसूली बंद हो।

## महाशिवरात्रि पर शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरे में हुई भगवान शंकर की विशेष पूजा



- नि :स्वार्थ जनसेवा को मूर्तरूप प्रदान कर सच्चे जनप्रतिनिधि का निभायें नैतिक धर्म : पं . शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाशिवरात्रि पर शिव चौक स्थित विशाल ब्रम्ह चबूतरे में भगवान शंकर की विशेष पूजा-अर्चना की गई। गौरतलब है कि शहर के पौराणिक रामसागरी तालाब के किनारे स्थित यह चबूतरा अपने आप में अनेक यादगार गौरवशाली इतिहास को सहेजा हुआ है। यहां समय-समय पर अनेक धार्मिक, सामाजिक तथा सार्वजनिक आयोजन होते रहते हैं। महाशिवरात्रि पर आयोजित विशेष पूजा अर्चना में शहर के धर्म प्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा सम्मिलित हुए। उनका सम्मान नवनिर्वाचित पार्षदों पिंटू यादव, कुलेश सोनी, मेघराज ठाकुर, शैलेश रजक, श्रीमती चंद्रभागा साहू ने किया। इस अवसर पर पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि निःस्वार्थ रूप से पवित्र मन के साथ जनता को भगवान का स्वरूप मानते हुए सच्ची सेवा को मूर्त रूप प्रदान करें। निःस्वार्थ जनसेवा को मूर्तरूप प्रदान कर सच्चे जनप्रतिनिधि का नैतिक धर्म निभायें। मौके पर राजेंद्र शर्मा, विजय ठाकुर, चंदन ग्वाल, सरिता यादव, श्रीमती कांति रजक, मदन कौशिक, गोविंद मिश्रा, प्रतीक तिवारी, पंकज ग्वाल, लोचन सिन्हा, प्रिंस छाबड़ा, राजू मिश्रा, मुकेश शर्मा, संजय तंबोली, सुमित पटेल, योगेश सोनी, जितेंद्र यादव उपस्थित थे।

# आदतन बदमाश को किया जिलाबदर

- जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला दण्डाधिकारी ने जिले के पंद्रहवें आदतन अपराधी पर जिलाबदर की कार्रवाई की है। आगामी त्योहार को ध्यान में रखते हुए शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा-बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी द्वारा पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के एक और आदतन बदमाश को जिलाबदर किया गया।

छग राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 5-क-ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के एक और आदतन बदमाश प्रवीण कुमार सोनवानी पिता संतोष कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी सिंधी धर्मशाला के पास आमापारा को धमतरी जिला व समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग व कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिलाबदर का आदेश पारित किया है।

जिला दण्डाधिकारी ने उक्त बदमाश प्रवीण सोनवानी को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से चले जाने एवं 1 वर्ष से पहले सक्षम न्यायालय के अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया है। आदेश का पालन नहीं करने पर उस पर वैधानिक कार्रवाई कर बलपूर्वक जिले की सीमाओं से बाहर निकाल देने का आदेश दिया है। यदि इसके बाद भी उक्त बदमाश आदेश का उल्लंघन करता है तो छग सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाबदर के 15 प्रकरणों पर कार्रवाई पूरी

वर्ष 2025 में जिला दण्डाधिकारी के समक्ष जिलाबदर के कुल 15 प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। जिसमें से जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रस्तुत सभी 15 प्रकरणों में कार्रवाई कर जिले के 15 आदतन बदमाशों को जिलाबदर कर कार्रवाई पूरी की है।

# महाशिवरात्रि पर उपासना ने कथक से राजिम कुंभ के मंच पर उतारी गंगा

- तबले पर पंडित मनुराज पचौरी, गायन पर खिलेंद्र साहू व सितार पर वीरेंद्र साहू की संगत ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर राजीव कुंभ कल्प के प्रमुख मंच पर धमतरी की राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना उपासना भास्कर एवं प्रख्यात तबलावादक व गुरु पंडित मनुराज पचौरी ने प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि सुश्री उपासना भास्कर पूरे भारत भर में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों व गुरुओं की वाहवाही और आशीर्वाद ले रही है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से सिक्किम की राजधानी गंगटोक में गणतंत्र दिवस पर सात अन्य कत्थक नृत्यांगनाओं के साथ समूह कथक नृत्य पेश किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग एवं रायगढ़ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के चक्रधर संगीत समारोह में भी नामचीन कलाकारों के बीच अपने कथक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके नाम कई सम्मान और अवार्ड्स भी हैं। इसके अलावा वे दूरदर्शन ऑफ इंडिया की ग्रेडेड आर्टिस्ट भी हैं।

सुश्री भास्कर ने राजिम कुंभ के मुख्य मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। उन्होंने अपने नृत्य का आरंभ कैलाश महीधर वासी महेश नामक शिव स्तुति से किया, जिसे संगीतबद्ध उनके दादा गुरु पंडित विवेक देशमुख ने किया है। इसके बाद कुछ ऑब्जरवेशन की तिहाईयों ने तालियों की बरसात करवा दी। बिल्ली के हाव-भाव को प्रस्तुत करती हुई एक तिहाई और गिलहरी की चाल पर प्रस्तुत की गई एक तिहाई ने दर्शकों को वाह-वाह करने मजबूर कर दिया। उन्होंने महाराजा चक्रधर की रचना दल बादल परण का पेश किया जिससे मंच पर ही मानसून का माहौल जीवंत हो उठा कि बादल घिरने पर किस तरह मोर नाचता है। बारिश की बूंदें जब धरती पर पड़ती हैं तो कैसी आवाज होती है। बिजली की चमक और बादलों का गर्जन इस परण के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। नृत्य का समापन उन्होंने पंडित विवेक देशमुख द्वारा रचित गंगा अवतरण से किया। भागीरथी ऋषि द्वारा पृथ्वी पर गंगा किस तरह लाई गई और शिवजी ने किस तरह गंगा को अपनी जटाओं में समेट लिया। इसकी प्रस्तुति नृत्य व संगीत के माध्यम से उन्होंने दी। उनकी करीब 25 मिनट की प्रस्तुति में हजारों दर्शक लगातार तालियों से उत्साहवर्धन करते रहे। तबले पर उनके गुरु पंडित मनु राज पचौरी थे। गायन का ज़िम्मा खिलेंद्र साहू के कंधों पर था। सितार पर श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू ने भी खूब तालियां बटोरी। सुश्री भास्कर की इस प्रस्तुति को यूट्यूब पर भी 16000 से अधिक दर्शकों ने देखकर अपना प्यार दिया। एसडीम विशाल महाराणा व संयुक्त कलेक्टर ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## नीलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक, भोग भंडारा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाशिवरात्रि के अवसर पर कृदत्त कॉलोनी में भगवान नीलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भोग भंडारा का आयोजन किया गया। पंडित विनोद महाराज के मार्गदर्शन में रुद्राभिषेक, हवन पूजन संपन्न हुआ। भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

इस अवसर पर कॉलोनी के आरके साहू, एनडी सोनी, नेगूराम साहू, उमेश साहू, प्रवीण यादव, प्रदीप यादव, बीके वाही, राजकुमार साहू, डा. नरेंद्र श्रीवास्तव, गोपालराव रणसिंह, गोपाल साहू, रामभवन कुशवाहा, जनकराम साहू, डा. भूपेंद्र साहू, उमेश सिंह, पदमनी यादव, मनीषा साहू, पार्वती साहू, करूणा सोनी, कविता साहू, सुमित्रा साहू, राधिका देवी, डा. विजयलक्ष्मी सिंह, विजयलक्ष्मी साहू, नीता रणसिंह, संतोष वाही, हीराबाई चंद्राकर, दीपमाला चंद्राकर, शैल गंजीर, एकतासिंह, पुष्पा यादव, हेमंत डेकाटे, नीता डेकाटे, नवीन जयसवाल, ज्योति जायसवाल, मालती उपाध्याय, सुमीत भोसले, रोली सिंह, भुनेश्वरी साहू, साधना साहू, देवेंद्र डड़सेना, रानी डड़सेना, उमेशसिंह बशिष्ट, वंदना सिंह सहित कॉलोनी के बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम में भोलेनाथ और पार्वती का रूप धरे अयांश व सिम्मी आकर्षण का केंद्र रहे।

## डीपीएल क्रिकेट मैच के तीसरे दिन का खेल रहा रोमांचक

- संबलपुर, लोहरसी, अछोटा की टीम ने जीते मैच
- ब्राम्हणपारा और रूद्री के बीच मैच टाई रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



डीपीएल सीजन 6 क्रिकेट मैच के तीसरे दिन स्थानीय मिशन ग्राउंड में 4 मैच खेले गए। चारों मैच काफी रोमांचक रहे। स्पर्धा में संबलपुर, लोहरसी, अछोटा की टीम विजेता रही। ब्राम्हणपारा वार्ड और रूद्री के बीच बराबर स्कोर होने की वजह से मैच टाई हो गया। मैच देखने महापौर रामू रोहरा मिशन मैदान पहुंचे। उनका गुलदस्ता से स्वागत क्लब की ओर से सकुश गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने किया।

पहला मैच संबलपुर और साल्हेवारपारा के बीच खेला गया। संबलपुर की टीम ने 8 ओवर में 51 रन बनाए। लक्षख्कर पीछा कर रही साल्हेवारपारा की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 47 रन बना पाई। इस तरह संबलपुर ने 4 रन से जीत दर्ज कर ली। दूसरा मैच ब्राम्हणपारा और रूद्री की टीम के बीच खेला गया। जिसमें ब्राम्हणपारा ने 7 विकेट पर 82 रन बनाए। रूद्री की टीम निर्धारित ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 82 रन बना पाई। इस तरह मैच टाई हो गया। खेल काफी रोमांचक रहा। तीसरा मैच लोहरसी और पोस्ट आफिस वार्ड के बीच खेला गया। लोहरसी ने 8 विकेट पर 75 रन बनाए। पोस्ट आफिस वार्ड का स्कोर 8 विकेट पर 73 रन रहा। इस तरह लोहरसी ने 2 रन से मैच जीत लिया। चौथा और आखिरी मैच अछोटा और अंबेडकर वार्ड के बीच हुआ। अछोटा का स्कोर 7 विकेट के नुकसान पर 79 रन रहा। अंबेडकर वार्ड की टीम 7 विकेट पर 76 रन बना पाई। इस तरह अछोटा 3 रन से विजेता बना।

# जंगल की सुरक्षा में रोज चार ग्रामीण होंगे तैनात




- खुदुरपानी में जंगल संरक्षण के लिए ग्राम सभा ने फायर लाइन तैयार की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम खुदुरपानी में वन संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्राम सभा ने जंगल को आग से बचाने के लिए फायर लाइन तैयार की है। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र मिलने के बाद ग्राम सभा के नेतृत्व में जंगल के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम सभा ने पारंपरिक सीमा के जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठेंगा पाली व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत प्रतिदिन 4 लोगों को जंगल की रखवाली की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। यह व्यवस्था ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग और श्रमदान के जरिए चलाई जा रही है।

ग्राम सभा के अध्यक्ष ईश्वर नागे और सचिव शत्रुघ्न यादव के नेतृत्व में ग्राम पटेल पीलूराम मरकाम, चंद्रशेखर, मानिक राम, सोनसाय, दिनेश्वर कुमार, लोकेश मांडवी सहित अन्य ग्रामीण सदस्य पूरी निष्ठा से जंगल की रक्षा में लगे हुए हैं। वहीं महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों राजिमबाई, कुमारीबाई और दसरीबाई ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई है। समुदाय के इस संगठित प्रयास से न केवल जंगल को आगजनी से बचाने में मदद मिलेगी, बल्कि वन्यजीवों और जैव विविधता का भी संरक्षण किया जा सकेगा। ग्राम सभा का यह कदम अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हो सकता है।

## जल जगार अभियान से धमतरी को मिली नई पहचान



**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रांतीय महामंत्री सहित सभी सदस्यों ने कलेक्टर नम्रता गांधी का आभार मानते हुए कहा कि धमतरी में जल जगार अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में फूल, सटजी की खेती को बढ़ावा देकर मछली पालन क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया। पेंशनरों की वेतनवृद्धि करवाकर लाखों पेंशनरों के जीवन में उत्साह का सृजन किया। उन्होंने कलेक्टर चेंबर में जाकर आभार व्यक्त हुए गुलदस्ता भेंट किया।

### बी प्रमाण-पत्र की परीक्षा में 38 छात्र हुए शामिल

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. आरआर मेहरा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो तथा डॉ.दीपा देवांगन सहायक कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में 24 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बी प्रमाण-पत्र हेतु लिखित परीक्षा एवं वाईवा का आयोजन किया गया जिसमें 38 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग
9 दिन
19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020